**जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद महराजगंज की ग्रामीण पेयजल योजनाओं की स्वीकृति हेतु 03.01.2022 को जिलाधिकारी महराजगंज/अध्यक्ष DWSM की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का कार्यवृत्त**

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद महराजगंज ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मै0 जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस. (जे.वी.) 6वां तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हांयात होटल के सामने, सान्ताक्रूज (ईस्ट), मुम्बई द्वारा प्रस्तुत 48 नग डी0पी0आर के तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृत हेतु अनुमोदन का प्रस्ताव:-**

जनपद महराजगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल योजना के निर्माण एवं संचालन/अनुरक्षण (10 वर्ष) हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश द्वारा अपने पत्र संख्या-2134/W-22/NIT/2020-21 दिनांक 13.01.2021 के माध्यम से **मैं0 जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस. (जे.वी) 6वां तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हांयात होटल के सामने, सान्ताक्रूज (ईस्ट), मुम्बई** को 446 राजस्व ग्राम आवांटित किये गये है।

उक्त के सम्बन्ध में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा पत्रांक 245/कार्य-114/29 दिनांक 27-03-2021 के माध्यम से 249 राजस्व ग्रामों तथा पत्रांक 278/कार्य-114/42 दिनांक 08.04.2021 द्वारा के माध्यम से 197 राजस्व ग्रामों अर्थात कुल 446 राजस्व ग्रामों की सूची उपलब्ध कराते हुए तत्काल डी0पी0आर0 तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अनुमोदित कराये गये 7 नग डी0पी0आर0 पत्र संख्या 390/कार्य-114/60 दिनांक 05.06.2021, 83 नग डी0पी0आर0 पत्र संख्या 643/कार्य-161/63 दिनांक 13.08.2021 एवं 105 नग डी0पी0आर0 पत्र संख्या 913/कार्य-161/101 दिनांक 21.10.2021 द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित किये जा चुकें है।

पुनः **मैं0 जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस. (जे.वी.) 6वां तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हांयात होटल के सामने, सान्ताक्रूज (ईस्ट), मुम्बई** द्वारा 48 नग डी0पी0आर0 प्रस्तुत किये गये है जिसमें 48 ग्राम पंचायतों के 58 राजस्व ग्रामों की कुल 268 बस्तियों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करते हुए कुल 25527 घरो को FHTC प्रदान किया जाना है।

बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)/सदस्य सचिव जिला पेयजल स्वच्छता मिशन समिति द्वारा अवगत कराया गया कि प्रस्तुत किये गये 48 नग डी0पी0आर0 के सापेक्ष 39 नग डी0पी0आर0 सोलर आधारित एवं 9 नग डी0पी0आर0 विद्युत आधारित है। शासनादेश संख्या 53/2021/2774/छिहत्तर-1-2021 दिनांक 05 अक्टूबर 2021(छाया प्रति संलग्न) यथा संशोधित व्यवस्था के अनुसार उक्त समस्त डी0पी0आर0 में प्रति व्यक्ति लागत रू0 6000.00 से कम है। इसी प्रकार अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के कार्यालय ज्ञाप संख्या 344/ W-17/2020-21 दिनांक 04 जून, 2021 (छाया प्रति संलग्न) के अनुसार विद्युत से संचालित नलकूप के प्रकरण में 16 घंटे Pumping Hours मानते हुये डी0पी0आर0 का विरचन किया गया है। उक्त समस्त डी0पी0आर0 में कार्यालय ज्ञाप संख्या 1499/E-46/2021 दिनांक 12 फरवरी, 2021 (छाया प्रति संलग्न) के अनुसार DI/ HDPE Pipe का प्राविधान किया गया है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त डी0पी0आर0 में लगायी गयी दरें जल निगम की अन्तिम SOR(2019-20)की दरों से 10-20% तक अधिक है।

**निर्णयः-** अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, महराजगंज द्वारा 48 ग्राम पंचायतों के 58 राजस्व ग्रामों की कुल 268 बस्तियों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करने हेतु प्रस्तुत किये गये 48 नग डी0पी0आर0 की तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति सक्षम स्तर से करने हेतु अनुमोदन पर समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गयी एवं शेष डी0पी0आर0 शीघ्र प्रस्तुत कराये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही फर्म मैं0 जे.एम.सी.प्रोजेक्टस को कार्य की प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश देते हुये 74 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनायें जिनका कवर एग्रीमेन्ट प्राप्त किया जा चुका है, उक्त समस्त योजनाओं पर कार्य अतिशीघ्र प्रारम्भ कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

**अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव**
**उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),**
**महराजगंज**

**जिला विकास अधिकारी**
**महराजगंज**

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**महराजगंज**

**जिला कृषि अधिकारी**
**महराजगंज**

**जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी**
**महराजगंज**

**अधिशासी अभियन्ता (सिचाई)**
**महराजगंज**

**अधिशासी अभियन्ता**
**भूगर्भ जल विभाग**
**गोरखपुर**

**मुख्य चिकित्साधिकारी**
**महराजगंज**

**परियोजना निदेशक**
**जिला ग्राम्य विकास अभिकरण**
**महराजगंज**

**प्रभागीय वनाधिकारी**
**महराजगंज**

**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष DWSM**
**महराजगंज**

5/1/22

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष DWSM**
**महराजगंज**

Scanned with OKEN Scanner